an>

Title: Regarding Services provided by cable operators to consumers.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृÂट कराना चाहता हूं कि डीटीएच केबल ऑपरेटर्स उपभोक्ताओं को कनैक्शन देते समय एक निश्चित धनराशि की बात करते हैं कि दो सौ या ढाई सौ रुपये प्रति महीने पर आपको केबल के सुविधा देंगे, लेकिन वह सुविधा उनको न देकर के कनेक्शन जब उपभोक्ता ले लेता है तो आए दिन उनको हर चैनल के साथ यह कहकर कि यह पे-चैनल है अतिरिक्त पैसे की मांग करते हैं। कभी-कभी तो ऐसा होता है कि किसी का वहां चैनल चल रहा होता है और वहां किसी का रिश्तेदार बैठा रहता है और चैनल ऑपरेटर्स के द्वारा एक डिस्पले आना शुरू हो जाता है कि तत्काल आप पैसा जमा करें नहीं तो आपका केबल कनेक्शन काट दिया जाएगा। मेरा आपके माध्यम से सरकार से कहना है कि इस तरह से उपभोक्ताओं के साथ प्राइवेट केबल ऑपरेटर्स के द्वारा यह जो अन्याय किया जा रहा है, उसको बंद किया जाए, क्योंकि वह पैसा लेकर जब उपभोक्ताओं को सुविधा दे रहे हैं तो उसमें विज्ञापन भी वह देना बंद करें, जिससे उपभोक्ताओं का हित हो सके।